# मुख्यमंत्री शहरी फेलोशिप कार्यक्रम हेतु आवेदन के लिए दिशा–निर्देश

मुख्यमंत्री शहरी फेलोशिप कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सरकार के साथ नीति, प्रबंधन, कार्यान्वयन, निगरानी के कार्यों में प्रतिभाग करने एवं आकांक्षी नगर योजना (एएनवाई) के कियान्वयन में सहयोग प्रदान करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत चयनित अध्येताओं की ऊर्जा, सीखने और जमीनी अनुभव प्राप्त करने के प्रति याुवाओं के जुनून एवं उनके नवीन दृष्टिकोण का लाभ आकांक्षी नगर योजना के प्रभावी कियान्वयन में प्राप्त होगा। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक सेवा में प्रतिभाग करने और राज्य के विकास में अपना योगदान देने के लिए पर्याप्त मंच प्रदान करना है।

यह फेलोशिप कार्यक्रम पूर्णकालिक होगा एवं फेलोशिप अवधि के दौरान किसी अन्य रोजगार/सेवा या पूर्णकालिक अध्ययन की अनुमति नहीं दी जाएगी। चयन से पूर्व अध्येताओं से वैधानिक/क्षतिपूर्ति बॉण्ड भी लिया जायेगा, जिससे कि चयनित अध्येता इस कार्यक्रम में न्यूनतम 01 वर्ष की अवधि के लिये सम्मिलित रहे।

ऐसे आवेदक, जिन्होंने प्रतिष्ठित संस्थानों से निम्नलिखित क्षेत्रों में स्नातक की पढ़ाई पूर्ण किया हो, वे ही फेलोशिप कार्यक्रम के लिए चयनित किया जायेगाः

| | |
|---|---|
| • शहरी नियोजन/डिज़ाइन/विकास, वास्तुकला, आवास प्रबंधन।<br>• प्रबंधन।<br>• इंजीनियरिंग/भूगोल<br>• पर्यावरण एवं जलवायु<br>• स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा<br>• कौशल/उद्यमिता विकास | • विरासत/वास्तुकला संरक्षण, पर्यटन और संस्कृति<br>• डेटा साइंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईटी, आईटीईएस, मशीन लर्निंग डेटा गवर्नेंस आदि।<br>• अर्थशास्त्र, बैंकिंग, वित्त और कर राजस्व<br>• सार्वजनिक नीति और शासन |

## 1.1 पात्रता

अभ्यर्थियों को नगर विकास विभाग की वेबसाइट (www.anyurban.upsdc.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों की योग्यता निम्नानुसार होगीः–

- प्रतिष्ठित संस्थानों/विश्वविद्यालयों से प्रथम श्रेणी या न्यूनतम 60% अंकों के साथ स्नातक।
- हिंदी और अंग्रेजी भाषा बोलने एवं लिखने में दक्ष होना चाहिए।

- आवेदन में सूचीबद्ध किसी भी क्षेत्र में प्रासंगिक कार्य अनुभव (फेलोशिप से संबंधित विषयगत क्षेत्रों में लेख/नीति पत्र/शोध पत्र/मूल्यांकन/परियोजनाओं और योजनाओं की निगरानी आदि का प्रकाशन) साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।
- उम्मीदवार फील्ड वर्क में कार्य करने के लिए इच्छुक होना चाहिये एवं उम्मीदवारों का निवास उन्हे आवंटित किये गये स्थान पर ही होना चाहिये।
- आवेदकों के पास कप्यूटर पर उत्कृष्ट कौशल तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों पर काम करने की दक्षता और संचार कौशल का ज्ञान भी होना चाहिए।

## 1.2 आयु सीमा

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को उम्मीदवार की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## 1.3 भूमिकाएँ और दायित्व

इस कार्यक्रम के तहत आकांक्षी नगर योजना के लिए शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम अवधि के दौरान शोधार्थी, जिलाधिकारी एवं संबंधित नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कार्य सम्पादित करेंगे।

निकायों में केंद्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के समवर्ती मूल्यांकन का कार्य शोधार्थी द्वारा, निकायों की टीम के समन्वय के साथ किया जाएगा। इसके अलावा, प्रभावी क्रियान्वयन के लिए, सर्वेक्षण, अध्ययन, प्राथमिक डेटा का संग्रह, निगरानी शोधार्थी द्वारा की जाएगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में सम्मुख आने वाली चुनौतियों के समाधान और नागरिकों को योजनाओं का वांछित लाभ प्रदान करने के लिए शोधार्थी द्वारा सुझाव प्रस्तुत किये जायेंगे। इसके अलावा शोधार्थी आकांक्षी नगर योजना योजना के तहत तैयार की गई कार्ययोजना के नीति निर्माण, योजना की रूपरेखा और कार्यान्वयन से संबंधित कार्यों म को सम्पादित करेंगे।

योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक डेटा का संग्रहण एवं विश्लेषण शोधार्थियों द्वारा किया जायेगा। उक्त कार्य को पूर्ण करने के लिए शोधार्थियों को एक टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा, या उन्हें टैबलेट क्रय करने के लिए एकमुश्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## 1.4 रिपोर्टिंग

उपरोक्त के अलावा, शोधार्थियों द्वारा सम्पादित की गई गतिविधियों के संबंध में निम्नलिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगीः—

1. मासिक प्रगति रिपोर्ट, जिसमें शोधार्थी द्वारा नीति एवं योजना क्रियान्वयन में चुनौतियों तथा योजना के प्रति नागरिकों के दृष्टिकोण का उल्लेख किया जायेगा।
2. त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट एवं प्रस्तुतीकरण की समीक्षा नगर विकास विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा की जायेगी।
3. वार्षिक रिपोर्ट एवं प्रस्तुतीकरण, जिसके आधार पर शोधार्थी द्वारा किये गये कार्य का मूल्यांकन किया जायेगा।
4. एकत्रित आंकड़ों का संकलन (रिपोर्ट सहित) प्रस्तुत किया जाएगा।
5. मासिक / त्रैमासिक रिपोर्ट संबंधित जिला अधिकारी के अनुमोदन के पश्चात् अधिशासी अधिकारियों के माध्यम से निदेशक, स्थानीय निकाय को प्रस्तुत किया जायेगा।
6. फेलो का कार्य संतोषजनक नही पाये जाने पर, शोधार्थियों को फेलोशिप कार्यक्रम से पृथक / मुक्त कर दिया जायेगा।

## 1.5 मानदेय

फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चयनित अभ्यर्थियों को रू0–30,000.00 प्रति माह का भुगतान पारिश्रमिक के रूप में किया जायेगा। इसके अतिरिक्त स्थल निरीक्षण हेतु अभ्यर्थियों को रू0–10,000.00 प्रति माह का भुगतान किया जायेगा। तथा विभाग द्वारा टैबलेट प्रदान न किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थियों को रू0–15,000.00 की एकमुश्त राशि टैबलेट क्रय करने हेतु प्रदान किया जायेगा ताकि योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं मुल्यांकन की जा सके। इसके अतिरिक्त कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थी को निकाय द्वारा यथासम्भव आवासीय सुविधा प्रदान की जा सकेगी। नियोजन विभाग द्वारा आंकाक्षी ब्लाक योजना के फेलो को प्रदान की जा रही सुविधाएं संशोधित होने पर यथानुसार आकाक्षी नगर योजना कार्यक्रम में भी लागू होगी।

SarkariResult.Com

## 1.6 संबद्धता की अवधि और वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन

फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चयनित शोधार्थी की फेलोशिप अवधि नियुक्ति की तिथि से एक वर्ष तक वैध होगी। विभाग की अनुशंसा पर, आवश्यकता को देखते हुए एवं शोधार्थियों के उत्कृष्ट कार्य के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के पश्चात् फेलोशिप की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

शोधार्थियों की फेलोशिप अवधि में की गई वृद्धि हेतु पूर्व–निर्धारित पारिश्रमिक के अतिरिक्त कोई अन्य भुगतान नही किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत शोधार्थी द्वारा आवंटित कार्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर राज्य सरकार द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

## 1.7 अवकाश

आनुपातिक आधार पर एक वर्ष में 12 दिन की छुट्टी प्रदान की जायेगी, जिसकी पूर्व अनुमति अधिशासी अधिकारी/जिलाधिकारी से प्राप्त करनी होगी

## 1.8 चयन प्रक्रियाः आवेदनों का परीक्षण

शोधार्थियों के चयन के लिए नगर विकास विभाग की वेबसाइट (www.anyurban.upsdc.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ 300 से 500 शब्दों में उद्देश्य विवरण अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग हेतु वरिष्ठ अधिकारियों/विषय विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जायेगी। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा स्क्रीनिंग का कार्य सम्पन्न करेगी।

## 1.9 परीक्षण

1. परीक्षण के पश्चात् अस्पष्ट आवेदन हटा दिए जायेंगे।
2. **डुप्लिकेट नियंत्रणः** ईमेल आईडी, फोन नंबर और नाम की पृनरावृत्ति/एकरूपता की स्थिति में केवल एक आवेदन स्वीकार किया जाएगा।
3. **अभ्यर्थियों की पात्रताः** केवल स्नातक (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक) छात्र ही पात्र होंगे।
4. **आयु मानदंडः** अधिकतम 40 वर्ष की आयु के मानदंड को पूरा नहीं करने वाले सभी आवेदन निरस्त किये जायेंगे।
5. जिन आवेदकों ने 300 से 500 शब्दों का उद्देश्य विवरण अपलोड नहीं किया है, उनका आवेदन अस्वीकार किया जाएगा।

SarkariResult.com

## 1.10 आवेदनों का मूल्यांकन

आवेदनों की स्क्रीनिंग के बाद स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर आवेदनों का मूल्यांकन किया जायेगाः

- **वस्तुनिष्ठ स्कोरिंग : 50 अंक**

आवेदकों का वस्तुनिष्ठ स्कोरिंग, स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार की जायेगीः

**शैक्षिक योग्यता एवं कार्य अनुभव**

| क्र.स. | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | **उच्चतम शैक्षणिक योग्यता** | **25** |
| | स्नातक (60% और 70% के बीच)<br>स्नातक (70% से ऊपर)<br>स्नातकोत्तर (अंक केवल तभी दिए जाएंगे जब स्कोर 60% से अधिक हो) | 15<br>20<br>25 |

| | | |
|---|---|---|
| **2** | अन्य मानदण्ड | 20 |
| | प्रतिष्ठित संस्थान से डिग्री (शीर्ष 100 एनआईआरएफ/अंतर्राष्ट्रीय क्यूएस रेटिंग) | 5 |
| | प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों में प्रकाशित शोध कार्य/लेख (डीओआई पंजीकृत और सेज, स्प्रिंगर, एल्सेवर द्वारा प्रकाशित) | 5 |
| | राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संस्थान द्वारा पुरस्कृत/मंच | 5 (Gold), 3 (Silver), 2 (Bronze) |
| | खेल (राष्ट्रीय/राज्य स्तर–पदक विजेता) | |
| | कोई अन्य विशिष्ट उपलब्धि– विश्वविद्यालय स्नातक (शैक्षणिक योग्यता) | 5 (Gold), 3 (Silver), 2 (Bronze) |
| **3** | उपयुक्त आईटी कौशल | 5 |
| | एमएस ऑफिस और डेटा सॉफ्टवेयर में निपुणता (सीसीसी प्रमाणन) | 02 |
| | जीआईएस और स्थानिक मानचित्रण में निपुणता (प्रमाणन) | 03 |
| | कुल | 50 |

SarkariResult.Com

- **व्यक्तिगत साक्षात्कारः 25 अंक**

उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों की मूल और स्व–सत्यापित प्रतियॉ प्रस्तुत करनी होगी। शैक्षणिक योग्यता का सत्यापन साक्षात्कार के समय किया जाएगा। साक्षात्कार में उम्मीदवारों का विषय ज्ञान, प्रासंगिकता, अभिव्यक्ति, संचार–कौशल, रचनात्मक सोच, स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता, आत्म–प्रेरणा, टीम में काम करने की क्षमता, संघर्ष समाधान कौशल, अतिरिक्त कौशल (जी.आई.एस.) / ग्राफिक्स / लेखन /सॉफ्टवेयर कौशल) आदि का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अलावा, आवेदन पत्र के साथ उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किये गये उद्देश्य विवरण (एसओपी) को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों को 25 अंकों में से अंक दिए जाएंगे।

प्राप्त कुल अंकों के आधार पर, शीर्ष 100 उम्मीदवारों का चयन योजना के नियमों और शर्तों के तहत अवरोही क्रम में किया जाएगा। उपरोक्त के अतिरिक्त 50 अभ्यर्थियों को अवरोही क्रम में प्रतीक्षा सूची में रखा जायेगा। समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की दशा में, अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को वरीयता क्रम में ऊपर रखा जाएगा। सॉफ्ट स्किल में स्वैच्छिक अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को

वरीयता दी जायेगी, बशर्ते उम्मीदवारों ने नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त सीएसओ से सॉफ्ट स्किल में स्वैच्छिक रूप से अनुभव प्राप्त किया हो।

## 1.11 प्रशिक्षण कार्यक्रम

फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चयनित उम्मीदवारों को दो सप्ताह तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रथम सप्ताह सामान्य दिशा–निर्देश प्रदान किये जायेंगे और द्वितीय सप्ताह कार्यक्रम से सम्बंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त प्रशिक्षण स्थानीय निकाय निदेशालय एवं क्षेत्रीय शहरी एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र (आरसीयूईएस), लखनऊ द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण में आईआईटी और आईआईएम जैसे विशिष्ट संस्थानों के विशेषज्ञों के व्याख्यान भी आयोजित किये जायेंगे।

## 1.12 अन्य महत्वपूर्ण शर्तें

SarkariResult.Com

1. मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम एक पूर्णकालिक कार्यक्रम है। अतः चयनित अभ्यर्थी को फेलोशिप कार्यक्रम की अवधि के दौरान कोई अन्य रोजगार, असाइनमेंट और अन्य पूर्णकालिक अध्ययन/कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में, सीएम फेलो को 100 नगरीय निकायों में से किसी भी निकाय में स्थानांतरित किया जा सकता है।
3. फ़ेलोशिप कार्यक्रम कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात् स्थायी सेवा/रोज़गार की गारंटी नहीं देता है।
4. प्रत्येक चयनित शोधार्थी के लिए कार्यालयीन समय, उस कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की भॉति होगा।
5. शोधार्थियों को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त घंटे काम करने और यात्रा करने की आवश्यकता हो सकती है।
6. फेलोशिप कार्यक्रम में शामिल होने के समय फेलो को एक मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। चयन पश्चात् पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा।
7. फेलोशिप की अवधि के दौरान शोधार्थी को आवंटित नगरीय निकाय पर ही निवासरत रहना होगा।
8. शोधार्थी को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने के 15 कार्य दिवस के अंदर, संबंधित कार्यालय में कार्यग्रहण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में कार्यग्रहण न करने की स्थिति में अभ्यर्थी चयन रद्द कर दिया जायेगा।

9. फेलोशिप की अवधि के दौरान शोधार्थी को किसी भी राजनीतिक आंदोलन में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## 1.13 प्रबंधन

फेलोशिप कार्यक्रम का क्रियान्वयन एवं प्रबंधन नगर विकास विभाग द्वारा किया जायेगा। शोधार्थियों के चयन में आई.आई.एम., आर.सी.यू.ई.एस., ए.के.टी.यू., नीति आयोग और एन.आई.यू.ए. जैसे विशिष्ट संस्थानों का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

### 1.14 उद्देश्य विवरण लिखने हेतु मार्गदर्शन

**क) परिचयः** अपना नाम, वर्तमान पद, और शैक्षणिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए संक्षेप में अपना परिचय दें। कार्य अनुभव (यदि कोई हो) शामिल करें।

**बी) शैक्षिक और व्यावसायिक (यदि कोई हो) पृष्ठभूमिः** अपनी डिग्री, संस्थान और प्राप्त किसी सम्मान या पुरस्कार का उल्लेख करते हुए अपनी शैक्षणिक पृष्ठभूमि को उल्लिखित करें। प्रमुख भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुये अपने प्रासंगिक कार्य अनुभव का विवरण दें। उन विशिष्ट कौशलों का उल्लेख करें, जो आपको इस कार्य के लिए उपयुक्त उम्मीदवार बनाते हैं। इनमें तकनीकी कौशल, सॉफ्ट स्किल या उद्योग–विशिष्ट अनुभव शामिल किये जा सकते हैं।

**ग) प्रेरणा :** इस फ़ेलोशिप कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आप क्यों प्रेरित हो रहे हैं, विवरण दें। सार्वजनिक सेवा के प्रति अपनी रूचि का उल्लेख करें। विवरण में उन पहलुओं को प्रकाशित करें जो आपके कौशल और महत्वाकांक्षाओं से मेल रखते हों।

घ) **कैरियर लक्ष्यः** अपने करियर के लक्ष्यों का उल्लेख करें और यह फ़ेलोशिप आपके भविष्य की योजनाओं में किस प्रकार सहायक होगी। अपनी दीर्घकालिक करियर आकांक्षाओं का विवरण साझा करें। आप स्वयं को देश/राज्य के विकास और जन कल्याण में योगदान करते हुए किस तरह देखते हैं, उल्लेख करें।

**ई) व्यक्तिगत गुण और मूल्यः** ऐसे उदाहरण साझा करें जहां आपने नेतृत्व का प्रदर्शन किया या किसी टीम में प्रभावी ढंग से कार्य किया है। अपनी अनुकूलन क्षमता और रचनात्मकता को प्रदर्शित करते हुए अपनी समस्या–समाधान क्षमताओं का उदाहरण के साथ जानकारी दें।

**च) निष्कर्षः** पद एवं कार्य के प्रति अपने उत्साह का उल्लेख करते हुये अपने मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में प्रकाशित करें।

SarkariResult.com